TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

08 सितंबर 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

जीवन में गुरु जरूरी है फिर चाहे वो

मिट्टी का द्रोणाचार्य ही क्यों न हो।

मुनि तरुणसागर



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 08 सितम्बर

1. **अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस–** संयुक्त राष्ट्र के शिक्षा और सांस्कृतिक विभाग यूनेस्को ने वर्ष 1966 में पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया। 17 नवम्बर, 1965 ई. को यूनेस्को ने 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य साक्षरता दर में वृद्धि लाना है।

2. **रेडक्रॉस की स्थापना–** वर्ष 1863 में 8 सितम्बर को ही हेनरी ड्यूनेन्ट के द्वारा जेनेवा में रेडक्रॉस की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य युद्ध या विपदा के समय घायल मानव की जिन्दगियां व सेहत बचाना है। इस संगठन को तीन बार (वर्ष 1917, 1944 और 1963 में) नोबेल शांति पुरस्कार भी प्रदान किया गया है।

3. **भूपेन हजारिका का जन्म–** गीतकार, संगीतकार और गायक भूपेन हजारिका का जन्म 8 सितम्बर, 1926 ई. को सदिया में हुआ था। वे असमिया संस्कृति और संगीत के अच्छे जानकार थे। वे ऐसे विलक्षण कलाकार थे जो अपना गीत स्वंय लिखते, गाते एवं संगीतबद्ध करते थे। इन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री, पद्म भूषण (2011), पद्म विभूषण और भारत रत्न (2019–मरणोपरांत) पुरस्कार से स्मानित किया था। इसके अलावा दादा साहेब फाल्के पुरस्कार (1992) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2009), असोम रत्न (2009) भी प्रदान किया गया। उनके प्रसिद्ध गीतों में 'दिल हूम हूम करे' और 'ओ गंगा तू बहती है क्यों' आदि हैं।

4. **डेरेक हेरॉल्ड का जन्म–** डेरेक हेरॉल्ड रिचर्ड नामक वैज्ञानिक का जन्म ग्रावेसेंड, केंट इंग्लैंड में हुआ था। उन्होंने कार्बनिक रसायनशास्त्र में अणुओं की त्रि–विमीय ज्यामितिय या संरूपीय विश्लेषण में अहम भूमिका निभाई। बार्टन को नार्वे के रसायन शास्त्री ऑड हैसेल के साथ वर्ष 1969 में संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार मिला।

5. **मैसिडोनिया गणराज्य का स्वतंत्रता दिवस–** मैसिडोनिया दक्षिणी यूरोप के मध्य बाल्कन प्रायद्वीप पर स्थित एक देश है, जिसकी राजधानी स्कोप्जे है। यह कभी युगोस्लाविया का भाग हुआ करता था, जिससे 8 सितंबर, 1991 ई. को स्वतंत्रता की घोषणा की गई।

6. **गाज़ी मलिक (गयासुद्दीन तुगलक ) दिल्ली का सुल्तान बना–** गयासुद्दीन तुगलक दिल्ली सल्तनत में तुगलक वंश का शासक था। यह 8 सितम्बर, 1320 ई. को दिल्ली के सिंहासन पर बैठा। इसे तुगलक वंश का संस्थापक भी माना जाता है। इसने कुल 29 बार मंगोल आक्रमणों का विफल किया।
   - **संदर्भः** बच्चों के साथ वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक **'अतीत से वर्तमान भाग 2'** के **दिल्ली सल्तनत** से जोड़कर चर्चा करें।

Sunday



Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

8 सितंबर

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर




वैश्विक स्तर पर हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितंबर को मनाया जाता है। साक्षरता दिवस मनाने की शुरुआत 1966 में हुई थी। पहली बार इसी वर्ष साक्षरता दिवस मनाया गया। इस दिन को मनाने का फैसला 7 नवंबर 1965 में लिया गया। यूनेस्को ने इस दिन तय किया कि साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। अगले साल 8 सितंबर 1966 को पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया, उसके बाद से हर साल ये दिन मनाया जाने लगा। इस साल साक्षरता दिवस 2023 की थीम 'परिवर्तनशील दुनया में साक्षरता को बढ़ावा देना: स्थायी और शांतिपूर्ण समाज की नींव का निर्माण करना' है (Promoting literacy for a world in transition: Building the foundation for sustainable and peaceful societies)

# जन्मदिन विशेष 08 सितंबर

राकेश कुमार




**आशा भोंसले** *Asha Bhosle*, जन्म: 8 सितम्बर, 1933) मशहूर पार्श्वगायिका और लता मंगेशकर की छोटी बहन और दीनानाथ मंगेशकर की पुत्री हैं। आशा जी ने फ़िल्मी और ग़ैर फ़िल्मी जगत् के लगभग 16 हज़ार गाने गाए हैं और इनकी आवाज़ के प्रशंसक पूरी दुनिया में फैले हुए हैं। उन्होंने 800 से अधिक फ़िल्मों में दस हज़ार से ज़्यादा गाने गाए हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 08.09.2024

## पारंपारिक ज्ञान

पारंपरिक ज्ञान वह ज्ञान, तकनीकी जानकारी, कौशल और प्रथाएं हैं जो एक समुदाय के भीतर पीढ़ी दर पीढ़ी विकसित, कायम और हस्तांतरित होती हैं, जो अक्सर इसकी सांस्कृतिक या आध्यात्मिक पहचान का हिस्सा बन जाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




पेरिस पैराओलिंप्स में **कपिल परमार** ने भारत के लिए **ब्रॉन्ज मेडल** जीत लिया है। कपिल देश के पहले खिलाड़ी हैं जिन्होंने **जूडो खेल** में मेडल जीता है।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## फुटबॉल



## टॉप-10 गोल स्कोरर

| खिलाड़ी | देश | गोल |
|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 900 |
| लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | 838 |
| पेले | ब्राजील | 762 |
| रोमारियो | ब्राजील | 755 |
| फेरेंक पुस्कास | स्पेन | 724 |
| जोसेफ बिकन | ऑस्ट्रिया | 722 |
| जिमी जोन्स | आयरलैंड | 648 |
| गर्ड म्यूलर | जर्मनी | 634 |
| रॉबर्ट लेवानडॉस्की | पोलैंड | 635 |
| जो बैम्ब्रिक | आयरलैंड | 629 |




परिवर्तनशील दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना: टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण', आइए हम सब मिलकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

Madhu priya

/teachersofbihar

8 सितंबर



हिंदी फिल्मों की मशहूर पार्श्वगायिका

पद्म विभूषित

# आशा भोंसले

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

8 सितंबर 1933

पुनीता कुमारी

8 सितंबर



# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

पर संकल्प लें की पढ़ेंगे पढ़ाएंगे शिक्षा
की ज्योति को घर घर में पहुचाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

8 सितंबर



विभूषण से सम्मानित,
मशहूर पार्श्वगायिका

## आशा भोंसले

के जन्मदिवस पर अशेष
मंगलकामनाएं।

8 सितंबर 1933

www.teachersofbihar.org

Madhu priya